हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 10 जनवरी 2026

11 सफाई कर्मचारियों की अधिकारियों से दो दौर की...

12 जिला नागरिक अस्पताल के गायिनी वार्ड के टॉयलेट से...



इस करप्शन में कौन-कौन शामिल, पूरी पुष्टि होने पर ही किसी का नाम लेना उचित : राव इंद्रजीत

# लॉजिस्टिक हब की जमीन फरोख्त में करप्शन! सिद्ध करने में जुटा रहे सबूत, जल्द करेंगे राव इंद्रजीत सिंह खुलासा

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

- पूर्व विधायक सीताराम ने अटेली चुनाव में पार्टी की नहीं की मदद, पार्टी को करनी चाहिए थी कार्रवाई
- डॉ. अभय सिंह की चुनाव में हमने नहीं की मदद, नहरी पानी सुधार की राशि हमने मंजूर करवाई

नए साल पर जनवरी की सर्दी राजनीति की गर्मी से फीकी पड़ रही है। शुरुआत में जहां नांगल चौधरी के पूर्व विधायक डा. अभय सिंह यादव ने राव इंद्रजीत सिंह का नाम लिए बिना राजनीति वार किए। उसके बाद वीरवार को नारनौल आए केबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने भी डा. अभय सिंह यादव की हां में हां भरी। वहीं दूसरी तरह मीडिया को दिए इंटरव्यू में राव इंद्रजीत सिंह ने चुनाव में अभयसिंह यादव की मदद नहीं करने की बात स्वीकारी है और अटेली में सीताराम की ओर से पार्टी उम्मीदवार की मदद नहीं करने का भी आरोप लगाया है। इस राजनीति गहमागहमी के बीच राव इंद्रजीत सिंह ने नांगल चौधरी में मंजूर हुए लॉजिस्टिक हब की जमीन फरोख्त में करप्शन होने के गंभीर आरोप लगाए है। यह आरोप किस पर है, यह तो खुलासा नहीं किया। पर इतना जरूर कहा है कि करप्शन हुआ है। वह सिद्ध करने में लगे है। आने वाले समय में खुलासा करेंगे।

### खरीद फरोख्त में करप्शन, करेंगे खुलासा

मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि हमारे यहां एक लॉजिस्टिक हब बावल के अंदर मंजूर हो गया था। वहां के लोगों ने इसका प्रतिरोध किया कि हमारे यहां लॉजिस्टक हब नहीं होना चाहिए। सब लोग व पंचायतों ने मेरे पास आकर कहा कि हमारा बेड़ा गर्ग हो जाएगा। पहले से ही यहां इंडस्ट्रीज एरिया है। हमारी खेती बाड़ी के लिए कुछ जगह मिलेगी नहीं। दो चार हजार एकड़ जमीन अगर आप एक्वायर कर लोंगे। इन लोगों की इस डिमांड का ज्ञापन लेकर मैं सीएम मनोहरलाल व अन्य से भी मिला और उसको हमने रद्द करवा दिया। इस लॉजिस्टिक हब को हमने बावल से शिफ्ट करवाकर नांगल चौधरी मंजूर करवा दिया। फ्रंड कॉरिडोर के नजदीक पड़ता है। वहां जाने के बाद मुझे कुछ लोगों का तो पता है, कुछ का नहीं पता। लेकिन समय आएगा। उस लॉजिस्टिक जमीन की खरीद फरोख्त में किस किस लोग ने कितना करप्शन किया है। कितना कितना प्रेशर बनाकर जमीन हथियाई है। आने वाले समय में खुलासा करूंगा। मेरा यह आरोप है वहां करप्शन हुआ है। उसे मैं सिद्ध करने के लिए लगा हुआ हूं। आने वाले समय के अंदर बताउंगा, उसमें कौन कौन शामिल है। जब तक पूरी पुष्टि ना हो जाए, तब तक किसी का नाम लेना उचित नहीं है।



### इस चुनाव में नहीं की अभय सिंह की मदद

डॉ अभय सिंह के हारने के सवाल पर राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जनता ने हराया है। मैंने हरवाया नहीं। मदद भी नहीं की। कुछ ऐसे खेमे के लोग है। अगर मैं मदद करता तो भी कहते मेरी दाल में पानी देने आया है। इसलिए मैंने यह सोचा कि मैं परे ही रहूं तो बेहतर है। कम से कम छीटा कंसी से बच जाएंगे।

### अटेली में सीताराम ने नहीं की पार्टी की मदद

राजनीति में कई लोगों का शिकार करने के सवाल और सीताराम की टिकट कटने पर राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पार्टी सर्वे करती है। हर बार टिकट उसी को देती है तो उस पर खरा उतर रहा हो। आरती को दो बार टिकट पार्टी ने नहीं दी। अब 2024 में पार्टी ने आरती को अटेली विधानसभा की टिकट दी। जब सीताराम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वह पार्टी का वर्कर पहले भी था और आज भी हूं। तब सीताराम ने पार्टी टिकट का ख्वाब छोड़ दिया। लेकिन धीरे धीरे उन्हें यह समझ आया कि मेरे साथ गलत किया है। पार्टी के इतने वफादार थे तो पार्टी की मदद क्यूं नहीं की? सीताराम आरती की गाड़ी में बैठकर चुनाव में सब जगह जाते थे और पीछे से उनका बेटा, जहां आरती को समर्थन मिलता था, वहां रात को पहुंच जाया करता था। पार्टी को भी इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए थी। कई लोग अगर अपनी गिरेबान में झांकेंगे तो पता चलेगा।

### नहरी सुधार के लिए मैने मंजूर करवाई राशि

भुंगारका में डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि राजा दशकों से राजनीति करते रहे। कोई बताए उन्होंने इस इलाके के लिए क्या किया? तब वे एसी के कमरे में बैठे रहते थे, तब मैं हथली कुंड बांध से इस सुखे इलाके तक नहरे लाने के लिए पैदल चल रहा था। इस सवाल पर राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पैदल चलने से नहर आ जाती है यह मुझे नहीं पता। किसी मुख्यमंत्री से मेरी डायरेक्ट दुश्मनी नहीं है। किसी से इस तरह के संबंध नहीं बिगड़े। अगर लड़ाई लड़ी है तो हमारे एरिया की हिमायत करने के लिए मैं लड़ा हूं। जो पानी हमारे दक्षिणी हरियाणा के लिए गया है, वह लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से जाता है। जब साल 2014 में पहली बार हमारी भाजपा सरकार बनी थी, मैं मोदी सरकार में सरकार बना था। जब सबसे पहले जो काम किया था वो हमारे लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम सुधार के लिए खट्टर सरकार से 110 करोड़ रुपये मंजूरी मैंने करवाएं थे। जिस वजह से पानी हमारे टेल तक पहुंच रहा है। जो लोग यह कह रहे है, उनके बारे में कह नहीं सकता।

### दूरी की वजह : चुनाव की मदद को भूला दिया, जलसे में नहीं आए

विधायकों की बैठक में राव इंद्रजीत सिंह को सीएम बनाने के लिए समर्थन नहीं देने पर डॉ अभय सिंह यादव से दूरियां बनी? सवाल पर राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जब पहली बार भाजपा सरकार 2014 में बनी तो विधायकों की बैठक हुई। कुछ विधायक खड़े हो गए और राव इंद्रजीत सिंह को सीएम बनाने की मांग रखी। बात नहीं बनी। हम नए नए थे। विधायकों को नहीं पता था भाजपा में इस तरह का सिस्टम नहीं होता है। अभय सिंह ने जो गलत काम किया, जिसकी वजह से मुझे गलत महसूस हुआ, वह यह बात नहीं थी। साल 2014 के चुनाव में पार्टी ने स्टार प्रचारक के तौर पर हैलीकॉप्टर दिया हुआ था, मैं नांगल चौधरी में उनके समर्थन में वोट मांगने चार बार गया। यह जीत गया। उसके बाद गुरुग्राम लोकसभा के अंदर बादशापुर में एक जलसा किया। सभी एमएलए को वहां आने को कहा। अभय सिंह को भी कहा कि वह भी आ जाए और मंच पर भाषण दे देना है। जवाब मिला कि मैं तो नहीं आ सकता। कारण पूछने पर कहा कि राव नरबीर से दोस्ती है। राजनीति तौर पर चुनाव में जो मदद की थी, उसे भूला दिया। उस वक्त महसूस हुआ था कि कहने पर नहीं आए।

## खबर संक्षेप

### मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मंडी अटेली।** गांव राता कलां में खेत की कोटड़ी में सोए मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गढ़ी रुथल निवासी लगभग 40 वर्षीय अशोक कुमार अपने साथी के साथ तुड़ी का कार्य करता था। सायं के समय जब वह काम करके लौटा तो थक गया, जिसके चलते वह राता कलां में खेत की कोटड़ी में सो गया। सुबह जब वह कोटड़ी से बाहर नहीं निकला तो शक हुआ। लोगों ने जाकर देखा तो अशोक कुमार कमरे में मृत अवस्था में पड़ा मिला। वहां उपस्थित ग्रामीणों ने जिसकी सूचना अटेली पुलिस को दी।

### रोपड़ सराय में कुश्ती दंगल 13 को

**नारनौल।** 13 जनवरी को गांव रोपड़ सराय में पहलवान रामावतार मेमोरियल कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। मेला कमेटी सदस्य पूर्व सरपंच चिरंजीलाल व रामकिशन ने बताया कि पहलवान रामावतार मेमोरियल क्लब द्वारा गांव रोपड़ सराय में 13 जनवरी को कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 11 रुपये से लेकर 11000 रुपये तक की कुश्तियां करवाई जाएंगी। पहलवान रामकिशन ने बताया कि बाहर से आने वाले पहलवानों को रहने की भी व्यवस्था क्लब द्वारा की जाएगी।


डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति मामला: जिला रजिस्ट्रार की कड़ी कार्रवाई

# स्पेशल ऑडिट होने तक पूर्व के तीन पदाधिकारी पर चुनाव लड़ने और वोट डालने पर प्रतिबंध

जिला रजिस्ट्रार ने पत्र के माध्यम से बताया है कि जब तक संपूर्ण जांच पूरी नहीं हो जाती और पंजीकरण वर्ष से 2023 तक का समस्त रिकॉर्ड विभाग को जमा नहीं कराया जाता, तब तक यह प्रतिबंध जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति महेंद्रगढ़ से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे विवाद में फर्म एंड सोसायटी नारनौल के जिला रजिस्ट्रार ने एचआरआरएस एक्ट 2012 की धारा 73 व 74 के तहत यह कार्रवाई की गई है। समिति के पूर्व प्रधान सुंदरलाल, पूर्व सचिव रमेशचंद्र खिंची तथा पूर्व खजांची इंद्रजीत बागोतिया के खिलाफ रिकॉर्ड बरामदगी के लिए आगामी कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा पूर्व प्रधान सुंदरलाल पर बीते अप्रैल 2023 से रिकॉर्ड देने तक प्रतिदिन 100 रुपये की दर से जुर्माना लगाया गया है। वहीं पूर्व सचिव रमेश खिच्ची पर पांच हजार रुपये व पूर्व खजांची इंद्रजीत बागोतिया पर दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही इन तीनों की रिकॉर्ड बरामदगी व ऑडिट होने तक चुनाव लड़ने व वोट डालने पर प्रतिबंध लगाया गया हैं। जिला रजिस्ट्रार ने पत्र के माध्यम से बताया है कि जब तक संपूर्ण जांच पूरी नहीं हो जाती और पंजीकरण वर्ष से 2023 तक का समस्त रिकॉर्ड विभाग को जमा नहीं कराया जाता, तब तक यह प्रतिबंध जारी रहेगा। साथ ही प्रशासक एवं रिटर्निंग ऑफिसर को अतिशीघ्र ही समिति के चुनाव संपन्न कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।



**महेंद्रगढ़।** जिला रजिस्ट्रार द्वारा जारी किया गया पत्र। फोटो : हरिभूमि

### क्या कहते हैं पूर्व प्रधान

*डॉ. भीमराव आंबेडकर समिति के पूर्व प्रधान सुंदरलाल जोरासिया ने कहा कि जिला रजिस्ट्रार नारनौल ने अपने द्वारा जो आदेश पारित किए हैं, यह जान बूझकर किया हुआ प्रतीत हो रहा है। अगर जिला रजिस्ट्रार को कोई गण आदि की कार्रवाई करने की जरूरत महसूस होती है तो उनका सबसे पहले धारा 52,53,54 एचआरआरएस 2012 के अनुसार नोटिस देना चाहिए, जो आज तक जिला रजिस्ट्रार ने नहीं दिया। धारा 74 एचआरआरएस 2012 की परिभाषा के तहत किसी भी सदस्य की सदस्यता रद्द नहीं की जा सकती। धारा 73 एचआरआरएस 2012 परिभाषा के तहत किसी भी ऑफिसर की सदस्यता रद्द की जा सकती है, जिसने कोई गलत या झूठा, किसी रजिस्टर खाता, बैलेंस शीट या किसी अन्य में किया गया हो। हमने कभी भी सरकारी आदेशों की अवेहलना नहीं की है। रिकॉर्ड हमने पूरा जमा किया हुआ है, इसकी प्रति हमारे पास है। कुछ लोगों की मिलीभगत के द्वारा चुनाव से दूर रखने की कोशिश है, लेकिन हम इस मामले को लेकर राज्य रजिस्ट्रार से अपील करेंगे। जो भी कानूनी कार्रवाई होगी, इसकी सच्चाई जानने व अपना हक लेने के लिए जारी रखेंगे। बिना ऑडिट करवाए यह इस तरह का फैसला एक तरफ प्रतीत होता है। जिला रजिस्ट्रार फैसला लेने से पहले स्पेशल ऑडिट करवाकर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिए था। हम इसकी अपील एवं शिकायत राज्य रजिस्ट्रार हरियाणा को करेंगे।*

### रिकॉर्ड न देने से लगभग तीन वर्षों तक अटकी रही चुनाव प्रक्रिया

समिति के सदस्य सुरेश सिरोहा ने बताया कि पूर्व कार्यकारिणी के पदाधिकारी को बीते लगभग तीन वर्षों में दर्जनों नोटिस जारी किए गए थे, परंतु उसके बावजूद भी समिति का रिकार्ड जमा नहीं करवाया। रिकॉर्ड के अभाव में समिति की चुनाव प्रक्रिया लगभग तीन साल तक पूरी तरह से ठप रही, जिसकी जिम्मेवारी पूर्व प्रधान, सचिव व खजांची पर सीधे तौर पर तय की गई है।

### सीलबंद कमरे में भी नहीं मिला कोई रिकॉर्ड

सुरेश सिरोहा ने बताया कि प्रशासनिक निर्देशों के तहत बीते तीन नवम्बर को ड्यूटी मजिस्ट्रेट, जिला रजिस्ट्रार, प्रशासक, समिति सदस्यों एवं समाज के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में डॉ. भीमराव आंबेडकर भवन के सीलबंद कमरे की ताला-सील खुलवाई गई, लेकिन वहां कोई भी कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं मिला। इससे यह स्पष्ट हुआ कि पूर्व पदाधिकारियों द्वारा लगातार झूठे बहाने बनाकर प्रशासन, समाज और समिति सदस्यों को गुमराह किया जा रहा था।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में तीन आरोपित। फोटो : हरिभूमि

मुख्य आरोपी अभी फरार

# युवक पर गोली चलाने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**नारनौल पुलिस की त्वरित कार्रवाई: रिमांड पर लेकर होगी पूछताछ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मोहल्ला सलामपुरा के पास राधा कृष्ण पार्क के नजदीक फायरिंग मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को पकड़ा है। जिनकी पहचान दीपक वासी नांगल दर्गू नीरज वासी मुरलीपुर जाटूसाना और सतेंद्र वासी टूमना कोसली के रूप में हुई है। आरोपित वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए थे। अभी मुख्य आरोपित फरार है।

घटना का विवरण देते हुए पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि छह जनवरी की रात को मोहल्ला मिश्रवाडा निवासी शिकायतकर्ता जितेंद्र ने सिटी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार जब वह अपने दोस्तों के साथ गाड़ी में सवार होकर श्याम कॉलोनी जा रहा था, तभी राधा कृष्णा पार्क के नजदीक एक थार गाड़ी ने उनका रास्ता रोका। गाड़ी से शिवदयाल और उसके अन्य साथी उतरे और उन्होंने जान से मारने की नीयत से जितेंद्र पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें वह बाल-बाल बच गया था। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया। दो आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और एक आरोपित को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपित से गहनता से पूछताछ की जाएगी ताकि वारदात में इस्तेमाल किए गए अवैध हथियार बरामद किए जा सकें और घटना के अन्य पहलुओं की जांच की जा सके।



### नारियल फोड़कर नई सड़क का निर्माण शुरू किया

**महेंद्रगढ़।** शहर के वार्ड नंबर नौ व वार्ड नंबर 10 में बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को विधायक कंवर सिंह यादव एवं नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने नारियल फोड़कर किया। वार्ड नंबर नौ में सड़क के निर्माण पर लगभग 38 लाख रुपये तथा वार्ड नंबर 10 में 21 लाख रुपये की लागत आएगी। वार्ड नंबर नौ में कुलड़ाराम सैनी से सीताराम सैनी के मकान तक तथा शिव कॉलोनी में कमला के मकान से बलवंत के मकान तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता है। महेंद्रगढ़ शहर में विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ी है और आने वाले समय में शहर को और अधिक विकसित व सुंदर बनाया जाएगा, ताकि नागरिकों को स्पष्ट रूप से महसूस हो कि महेंद्रगढ़ में व्यापक विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि शहर का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य हों और उनका सीधा लाभ आमजन तक पहुंचे। विधायक ने कहा कि शहर में चल रहे विकास कार्यों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर नगर पालिका एमई राजेश कौशिक, नगर पालिका उपप्रधान मंजू कौशिक, पार्षद देवेंद्र सैनी, राजेश सैनी, अशोक सैनी, पार्षद सीमा, हरिराम खन्ना, पार्षद मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### युवा स्वर काव्योत्सव का आयोजन कल

**नारनौल।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की जिला महेंद्रगढ़ इकाई की ओर से स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर 11 जनवरी को 'युवा स्वर काव्योत्सव' का आयोजन सुबह 10:30 बजे किया जाएगा। इस बारे में जिला अध्यक्ष डा. जितेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन पुल बाजार स्थित सरस्वती बाल विद्या मंदिर विद्यालय में किया जाएगा। कार्यक्रम में राजकुमार यादव एडवोकेट एवं पवन बाछौदिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद प्रांत अध्यक्ष डॉ. मनोज भारत करेंगे। इसके अतिरिक्त साहित्यकार रामनिवास 'मानव' व स्कूल संचालक मुकेश शर्मा भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ संजय शर्मा ने बताया कि काव्योत्सव में कवि यतिन चारण गोविंदपुरी, औशिन शुक्ला 'साक्षी' नारनौल, कुमार विकास राधा की ढाणी और मनोज कौशिक रेवाड़ी अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे।

# बड़कोदा में रिटायर्ड फौजी के घर से गहने व नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

महेंद्रगढ़ रोड स्थित गांव बड़कोदा में चोरों रिटायर्ड फौजी के घर में ताले तोड़कर गहने एवं नकदी चोरी कर ली। सूचना देने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की, लेकिन चोरों का सुराग नहीं लगा है। गांव बड़कौदा निवासी पूर्व सैनिक गोपीचंद शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 7 जनवरी को वह अपनी पत्नी मंजू शर्मा के साथ रिश्तेदारी में गांव सीहा गए थे। दोनों दोपहर करीब 12 बजे घर से निकले थे। उनके बच्चे बाहर नौकरी करते हैं। इसलिए मकान पर ताला लगा हुआ था। उसी दौरान उनके छोटे भाई का फोन आया कि मकान का मुख्य गेट खुला पड़ा है और ताला टूटा पड़ा है। सूचना मिलने पर गोपीचंद व उनकी पत्नी शीघ्रता से घर पहुंचे। घर पहुंचने पर देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था और अंदर लोहे की अलमारियों व संदूकों के ताले भी टूटे हुए थे। पूरा सामान बिखरा पड़ा था और सोने-चांदी के जेवरात के डिब्बे खाली मिले।

उन्होंने बताया कि जांच करने पर पता चला कि चोर दो सोने की चेन, कानों की झूमकी, काल के बाले, हार, चार मंगलसूत्र, नाक की नथ, अंगूठियां, नाक के लोंग व कांटे सहित सोने के अनेक जेवरात ले गए हैं। इसके अलावा चांदी की पाजेब, तागड़ी, चुटकियां, अंगूठियां, झूमकी, सिक्के, छोटे दीपक, चौथ माता की मूर्ति तथा 85 हजार रुपये नकद भी चोरी कर लिए गए हैं।



**नारनौल।** चोरी के दौरान बिखरा पड़ा सामान।

### पिता की अस्थियां विसर्जन करने गए परिवार के घर चोरी

**मंडी अटेली।** पुलिस को दी शिकायत में अटेली के वार्ड नंबर 10 निवासी तरुण ने बताया कि कुछ दिन पहले उनसे पिता का देहांत हो गया था। वह परिवार समेत पिता की अस्थियां गंगा में विसर्जित करने के लिए गए थे, लेकिन पीछे से उनके घर से सोने चांदी के जेवरात एवं 50 हजार रुपये अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले।

### दुकान से गल्ला ही ले उड़े बाइक सवार चोर

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ रोड स्थित शास्त्री नगर में बाइक सवार दो युवकों ने एक दुकान से गल्ला चुरा लिया। गल्ले में करीब 14 हजार रुपये थे। घटना के वक्त दुकानदार लघुशंका के लिए दुकान से बाहर गया हुआ था। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है, जिस पर छानबीन की जा रही है। शास्त्री नगर में रामशरण नामक व्यक्ति ने खल बिनौले की दुकान की हुई है। आठ जनवरी को जब वह अपनी दुकान से कुछ देर के लिए लघु शंका करने बाहर गया, तब बाइक सवार दो युवक आए। इनमें से एक व्यक्ति दुकान के बाहर खड़ा रहा तथा दूसरा दुकान के अंदर चला गया और वहां से गल्ला उठा लाया और वहां से भाग गए। सीसीटीवी चेक करने पर उसमें दो युवक बाइकपर आते दिखाई दिए। बाद में एक युवक दुकान के अंदर गया तथा वहां से गल्ला उठा लाया। गल्ला चोरी होना कन्फर्म होने पर पुलिस को शिकायत दी गई।

एग्रीस्टैक को लेकर डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने ली अधिकारियों की बैठक

# अब मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर कोई और नहीं कर पाएगा पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

एग्रीस्टैक के तहत बन रही किसान आईडी कृषि क्षेत्र में नई क्रांति लेकर आएगी। एक तरफ जहां किसानों को सरकार की योजनाएं सहज तरीके से मिलेंगी वहीं भविष्य में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर कोई दूसरा पंजीकरण नहीं कर पाएगा।

यह एक बहुत ही बेहतरीन पारदर्शी सिस्टम बनने जा रहा है। ऐसे में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिला महेंद्रगढ़ के सभी किसानों की आईडी बनाने का कार्य जल्द से जल्द संपन्न हो। यह निर्देश उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शुक्रवार लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि इस कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीसी ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में अब तक लगभग 1.20 लाख में से 61 हजार से अधिक किसानों की आईडी बन चुकी है। यह आधार की तरह एक यूनिक आईडी है। उन्होंने कहा कि आगामी किसान सम्मान निधि का पैसा भी इस यूनिक आईडी के तहत किसानों के खाते में आएगा। ऐसे में कोई भी किसान इससे वंचित नहीं रहना चाहिए ताकि सभी किसानों के खाते में आगामी किस्त समय पर आ सके। उपायुक्त ने कहा कि यह डिजिटल डेटाबेस किसानों के लिए भविष्य में किसी वरदान से कम नहीं होगा।



- जिले में अब तक 61 हजार किसानों की आईडी बनाई

### लाभ को सीधा किसान तक पहुंचाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम

*उपायुक्त ने बताया कि इस आईडी के माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, फसल बीमा, ऋण और मुआवजे का लाभ सीधे उनके खातों में बिना किसी देरी के प्राप्त होगा। सरकार की यह पहल बिचौलियों की भूमिका को समाप्त कर लाभ को सीधा किसान तक पहुंचाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में इस कार्य को पूरा करने के लिए 300 अधिकारियों व कर्मचारियों को लगाया गया है जो लगातार फील्ड में रहकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने ग्राम स्तर पर पहले दिन मुनादी करके शेड्यूल जारी करने के निर्देश दिए ताकि बचे हुए किसान भी जल्द से जल्द अपनी आईडी बनवा सकें। इस बैठक में एसडीएम महेंद्रगढ़ कनिका गोयल, एसडीएम कनीना डॉ. जितेंद्र सिंह, एसडीएम नांगल चौधरी उदय सिंह, जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार तथा डीडीए देवेंद्र सिंह बाजवा के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।*



# 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को कर दिया इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की वॉर ड्रामा 'बॉर्डर 2' का नया गाना 'इश्क दा चेहरा' रिलीज हो गया है। ये एक सोलफुल रोमांटिक मेलोडी गाना है, जो दर्शकों के सामने एक मूवी का एक इमोशनल एंगल दर्शा रहा है। गाने में दिखाया गया है कि कैसे देश के साथ-साथ जवान अपनी पर्सनल लाइफ में भी अपने परिवार को कितना प्यार करते हैं। कैसे उनकी पत्नियां उनका इंतजार करती हैं और एक दिन आता है कि वो वापस उन्हें छोड़कर अपनी धरती मां की रक्षा के लिए बॉर्डर पर लौट जाते हैं। 'बॉर्डर 2' के दूसरे गाने 'इश्क दा चेहरा' ने दर्शकों को इमोशनल कर दिया है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ, सचेत टंडन और परंपरा टंडन ने मिलकर गाया है। गाना का म्यूजिक सचेत-परंपरा ने दिया है जबकि लिरिक्स कौसर मुनीर ने लिखे हैं। फिल्म के कास्ट की बात करें तो इसमें सनी देओल के अलावा फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा जैसे स्टार्स अहम रोल में हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में धमाका करने आ रही है।

लाइफStyle

# शनाया

## खौफ से शुरू हुई एक अनोखी प्रेम कहानी

फिल्म 'तू या मैं'एक्टर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर में यह फिल्म एक आम लव स्टोरी नहीं लग रही, पहली झलक में यह ऑडियंस को डराती है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

'तू या मैं'के टीजर में शनाया कपूर का किरदार स्विमिंग पूल में नजर आता है, वह रिलैक्स कर रही होती है। अचानक उसे लगता है कि पूल के अंदर कोई है। यह सीन खौफ पैदा करता है। आगे टीजर में एक लव स्टोरी, रोमांस नजर आता है। लेकिन फिर कहानी बदलती है और लीड कैरेक्टर एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं। दोनों को अब बस अपनी जिंदगी बचानी है। फिल्म 'तू या मैं'एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक बड़ी मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म 'तू या मैं' बन रही है। फिल्म में शनाया कपूर के अपोजिट आदर्श गौरव नजर आ रहे हैं। फिल्म 'तू या मैं' की रिलीज डेट तो मेकर्स ने शेयर की है।

यह फिल्म फरवरी महीने में वैंलटाइन वीक में रिलीज हो सकती है। इसकी रिलीज डेट 13 फरवरी है। शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां'से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसमें वह विक्रांत मैसी के साथ नजर आईं। जल्द ही उनकी फिल्म 'तू या मैं' रिलीज होगी। फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम 'जेसी' है।



हॉलीवुड मसाला

# 83वें गोल्डन ग्लोब में अवॉर्ड करेंगी प्रेजेंट



**लॉस एंजिल्स।** रविवार 11 जनवरी को लास एंजिल्स में होने वाले गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स में अब अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा प्रेजेंटेटर्स में शामिल हो गई हैं। आयोजकों की ओर से इस बात की जानकारी दी गई। जिसके बाद जाहिर है कि प्रियंका भी इस अवॉर्ड फंक्शन में अवॉर्ड प्रेजेंट करती नजर आएंगी। गोल्डन ग्लोब्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबट्र्स, अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मिला कुनिस के साथ स्टेज पर अवॉड्र्स प्रेजेंट करेंगी। प्रियंका लंबे समय बाद इस प्रतिष्ठित मंच पर नजर आएंगी। प्रेजेंटर्स की इस स्टार-स्टडेड लिस्ट में कई और बड़े नाम भी शामिल हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉड्र्स 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में आयोजित होंगे। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।



# बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहती हैं सोफी

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड कलाकारों की हॉलीवुड के एक्टर-एक्ट्रेस के प्रति दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन हॉलीवुड में भी अपने देश के कलाकारों की फैन फॉलोइंग कोई कम नहीं है। अब हाल ही में 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में अपनी भूमिका के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस सोफी टर्नर ने बॉलीवुड स्टार्स दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान के प्रति अपनी दीवानगी जाहिर की है। इसके साथ ही सोफी टर्नर ने जल्द ही किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं सचमुच किसी बॉलीवुड फिल्म में काम करना चाहूंगी। मुझे वहां का डांस बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अद्भुत नजारा होता है और वे बहुत खूबसूरत होते हैं। प्रोडक्शन डिजाइन इतना शानदार होता है कि मुझे नहीं लगता कि हमने कभी किसी हॉलीवुड फिल्म सेट पर ऐसा कुछ देखा होगा। सोफी टर्नर ने अभी तक किसी भी भारतीय सिनेमा में काम नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने 2018 में अपने पूर्व बहनोई निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा की शादी के जश्न के लिए भारत का दौरा किया था।



# नवलगढ़ में घूंघट की शूटिंग करने पहुंचीं

**मुंबई।** अभिनेत्री तापसी पन्नू इस वक्त राजस्थान के झुंझुनू जिले के नवलगढ़ में हैं। वे यहां अपनी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पहुंची हैं। सेट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें वे खाकी वर्दी पहने दिख रही हैं। पुलिस ऑफिसर के गेटअप में तापसी काफी रौबदार अंदाज में नजर आ रही हैं। तापसी का यह लुक फिल्म 'घूंघट' का है। अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी फिल्म 'घूंघट' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में वे खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। तापसी इन दिनों नवलगढ़ में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। सेट से सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री तापसी महिला थानेदार के गेटअप में नजर आ रही हैं। तापसी की यह फिल्म अनुपम सिन्हा और मकबूल खान के निर्देशन में बन रही है। सेट से लीक हुई तस्वीरों और वीडियो में तापसी पन्नू महिला थानेदार की वर्दी पहने हुए नजर आ रही हैं।



# ओ रोमियो का फर्स्ट लुक आया सामने

**मुंबई।** शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म 'ओ रोमियो' का फर्स्ट लुक शुक्रवार को सामने आ गया है। इस पहले लुक में शाहिद काफी खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। लाल रंग के बैकग्राउंड में शाहिद का चेहरा खून से लथपथ दिख रहा है। वहीं वो जोश में चीखते दिख रहे हैं। पोस्टर को देखकर ऐसा लगता है कि शाहिद और विशाल भारद्वाज एक बार फिर 'कमीने' जैसा कुछ अलग लाने वाले हैं। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी साफ कर दिया है कि फिल्म की पहली झलक या टीजर शनिवार को सामने आएगा। 13 फरवरी को फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस फिल्म की झलक पाने के लिए बेकरार थे। अब शाहिद कपूर के इस पहले पोस्टर को ही देखकर फैंस उत्साहित हो गए हैं।

टीवी मसाला



# 1985 में 'विक्रम और बेताल' शो ने रचा था इतिहास

**नई दिल्ली।** टीवी जगत के ऐसे कई शोज हैं, जिनको आज भी याद किया जाता है। इसमें रामायण, महाभारत और शक्तिमान समेत कई शो हैं, जो लोगों के दिलों में बस चुके हैं। 80 और 90 के दशक में टीवी शोज का दौर हुआ करता था। उस टाइम में आने वाले नए-नए शो लोगों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं हुआ करते थे। पूरी फैमिली के साथ टीवी सीरियल देखने का मजा ही अलग था। उस वक्त ना यूट्यूब और ना ही ओटीटी बस टीवी शो ही एकमात्र मनोरंजन का जरिया हुआ करते थे। बात करेंगे उस पुराने टीवी शो की जो 41 साल बाद भी लोगों को याद है। दूरदर्शन पर आने वाला यह शो अपनी लोककथाओं और पौराणिक कहानियों पर बेस्ड था। इस शो में वो सभी कलाकार नजर आए थे, जो रामायण और महाभारत में भी देखे गये थे। अरुण गोविल, अरविंद त्रिवेदी, सुनील लहरी, विजय अरोड़ा, दीपिका चिखलिया, मूलराज राजदा, रमेश भटकर और लिलिपुट जैसे स्टार इस शो में नजर आए थे। इस शो का नाम सामने आते ही इसका एक-एक एपिसोड आपकी आंखों के सामने आ जाएगा। 'विक्रम और बेताल' जी हां, यह वही शो है, जिसमें टीवी के राम ने विक्रम का रोल प्ले किया था। इस शो की कहानी राजा विक्रमादित्य और बेताल के सवालों के इर्द-गिर्द घूमती है। इस शो की सबसे खास बात यह रही कि इसे बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी खूब पसंद किया था। बच्चों के लिए यह थोड़ा डरावना भी था, क्योंकि बेताल का लुक किसी भूत से कम नहीं था।

# मास्टरशेफ इंडिया में पहुंचीं पार्किंसन से जंग लड़ रही लड़की

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर शो 'मास्टरशेफ इंडिया' के 9वें सीजन का आगाज हो चुका है। अभी शो के ऑडिशन चल रहे हैं, जिसमें एक से बढ़कर एक हुनरबाज लोगों को देखा जा रहा है। अब शो में ऐसी जोड़ी की एंट्री हुई है, जिनके हुनर को देखकर तीनों जज खुद को एप्रन देने से नहीं रोक पाए और सेट पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम थीं। शो में जहां सिर्फ अच्छे खाने की तलाश की जा रही है, वहीं इसी के साथ लोगों की संघर्ष की कहानी फैंस और जजों को रोने पर मजबूर कर रही है।



'मास्टरशेफ इंडिया' का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें एक ऐसे कंटेस्टेंट को देखा गया है जो मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम नहीं है, लेकिन किचन में कुकिंग करते ही, वे अपनी सारी कमजोरियों पर काबू पा लेती हैं। हम बात कर रहे हैं मनीषा की, जो 14 साल की उम्र में कोमा में चली गई थीं और हैवी डोज की दवाएं लेने की वजह से सेकेंडरी पार्किंसन से ग्रस्त हो गईं। इस बीमारी में मांसपेशियां अकड़ हो जाती हैं और शरीर अपने आप कांपने लगता है।




# भाबी जी की सवारी निकल पड़ी थिएटर की ओर...

**मुंबई।** सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' के फैंस के लिए खुशखबर है। अब यह सीरियल, फिल्म के रूप में बड़े आ रहा है। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं'का पहला पोस्टर और रिलीज डेट सामने आ चुकी है। सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं'में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं, फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म के पोस्टर में सभी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं'की रिलीज डेट भी मेकर्स ने शेयर की है। यह फिल्म अगले महीने वैंलेटाइन डे से पहले रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट 6 फरवरी है। पोस्टर रिलीज के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा है, 'गली गली में होगा शोर, क्योंकि भाबी जी की सवारी निकल पड़ी है थिएटर की ओर।'

# शोभिता की चीकाटिलो का पोस्टर जारी

**मुंबई।** द नाइट मैनेजर जैसी वेब सीरीज में नजर आईं अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। यह एक सस्पेंस-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का नाम चीकाटिलो है। फिल्म की घोषणा के साथ ही इसका पहला पोस्टर भी जारी हुआ है,




जिसमें शोभिता इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं। चीकाटिलो प्राइम वीडियो की ओरिजिनल तेलुगु भाषा की फिल्म है। हालांकि, यह हिंदी में भी रिलीज होगी। हैदराबाद की पृष्ठभूमि पर बनी चीकाटीलो एक रोमांचक क्राइम-सस्पेंस फिल्म है। कहानी संध्या नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक ट्रू-क्राइम पॉडकास्टर है। इस किरदार को शोभिता धुलिपाला ने निभाया है। अपने इंटर्न की रहस्यमयी मौत के बाद न्याय पाने की अपनी लगातार कोशिश में संध्या को खौफनाक अपराधों की एक चौंकाने वाली कड़ी का पता चलता है। जिसके बाद उसके सामने शहर के कुछ सबसे खौफनाक और काले राज सामने आते हैं। फिल्म 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। शरण कोपिशेट्टी द्वारा निर्देशित चीकाटिलो को डी. सुरेश बाबू ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है। फिल्म में शोभिता धुलिपाला और विश्वदेव राचकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा चैतन्य विशालक्ष्मी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# 'द राजा साब' की रिलीज के बीच पशुपतिनाथ पहुंचे संजय



मुंबई। संजय दत्त इन दिनों अपनी फिल्मों 'धुरंधर' और 'द राजा साब' को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में वह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे हैं। संजय दत्त और प्रभास की अदाकारी से सजी फिल्म 'द राजा साब' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ऐसे में संजय दत्त शुक्रवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे और पूजा की। एक्टर गुरुवार शाम को एक कसीनो के उद्घाटन में शामिल होने के लिए काठमांडू पहुंचे। उनकी यात्रा से फैंस खुश हो गए। एक्टर के पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचने के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्टर कड़ी सुरक्षा के बीच हैं। संजय दत्त की यह यात्रा ऐसे मौके पर हुई जब उनकी फिल्म 'द राजा साब' रिलीज हुई है। संजय दत्त और प्रभास स्टारर 'द राजा साब' 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म में एक्टर एक खतरनाक रोल में नजर आ रहे हैं। 'द राजा साब' के निर्देशक मारुति हैं। इसमें बोमन ईरानी, मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी अहम किरदारों में हैं। इससे पहले संजय दत्त आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में नजर आए थे। 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन थीं। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।


## भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड पर टिकी हैं


# कांतारा चैप्टर 1 और तन्वी द ग्रेट भी ऑस्कर की रेस में शामिल

इस बार ऑस्कर में भारत की उम्मीदें नीरज घेवान की फिल्म 'होमबाउंड'पर टिकी हैं। होमबाउंड ऑस्कर में भारत की ओर से आधिकारिक तौर पर भेजी गई फिल्म है। फिल्म अभी भी रेस में बनी हुई है। लेकिन, अब भारत की दो और फिल्में भी ऑस्कर की दौड़ में शामिल हो गई हैं। जिसके बाद अब भारत को इन दो फिल्मों से भी उम्मीद बंध गई है। हालांकि, अभी इन फिल्मों को लेकर कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस साल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने वाली ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांताराः चैप्टर 1' और अनुपम खेर के निर्देशन में बनी 'तन्वी द ग्रेट' उन 201 फीचर फिल्मों की सूची में शामिल हो गई हैं, जो 98वें अकादमी पुरस्कारों के लिए विचाराधीन हैं। वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस (एएमपीएएस) ने उन 201 योग्य फिल्मों की घोषणा की है, जो प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार के लिए सीधे तौर पर पात्र हैं। इस लिस्ट में 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' भी शामिल हो गई हैं। ऐसे में अब इन दोनों फिल्मों से भी ऑस्कर में उम्मीदें जाग गई हैं।





### सभी शर्तों को दोनों फिल्मों ने किया पूरा

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए एलिजिबल फिल्मों ने सामान्य एंट्री के अलावा सभी अतिरिक्त एलिजिबलिटी आवश्यकताओं को भी पूरा किया। इसमें सिनेमाघरों में प्रदर्शन और एक कॉन्फिडेंशियल अकादमी प्रतिनिधित्व और समावेशन मानक प्रविष्टि फॉर्म जमा करना भी शामिल है। फिल्मों को अकादमी के चार इन्क्लूजन स्टैंडर्ड में से कम से कम दो को पूरा करना और 2025 में अपनी पहली रिलीज के 45 दिनों के भीतर शीर्ष 50 अमेरिकी बाजारों में से 10 में एक योग्य थिएटर प्रदर्शन पूरा करना भी आवश्यक था। सर्वश्रेष्ठ फिल्म श्रेणी में शामिल होने की सभी शर्तें पूरी करने के बाद 'कांतारा चैप्टर 1' और 'तन्वी द ग्रेट' दोनों ही ऑस्कर पुरस्कार के संभावित दावेदार बन गए हैं। अकादमी द्वारा अंतिम नामांकन सूची 22 जनवरी को जारी की जाएगी।

### 2025 की सबसे सफल फिल्मों में शामिल कांतारा चैप्टर 1

*होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित 'कांताराः चैप्टर 1' ऋषभ शेट्टी द्वारा लिखित, निर्देशित और अभिनीत फिल्म है। यह 2025 की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी फिल्म को जमकर सराहा था। वहीं दूसरी ओर 'तन्वी द ग्रेट' का निर्माण, निर्देशन और लेखन अनुपम खेर ने किया है। यह फिल्म ऑटिज्म पर आधारित है, जिसमें एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में अनुपम खेर के अलावा शुभांगी दत्त, अरविंद स्वामी, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ और पल्लवी जोशी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।*

### जिलेभर की पालिकाओं में बकाया एरियर की मांग को लेकर चल रही काम छोड़ हड़ताल

# सफाई कर्मचारियों की अधिकारियों से दो दौर की वार्ता विफल, हड़ताल जारी

**शुक्रवार प्रात: नप के डीएमसी रणबीर सिंह ने धरना स्थल पर पहुंचकर मांगा था दस दिन का समय, लेकिन कर्मचारी बोले अब तक आश्वासन ही मिले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नारनौल। कर्मचारियों से धरना स्थल पर बात करते डीएमसी रणबीर सिंह तथा नगर परिषद में धरना स्थल पर सभा करते आंदोलनकारी कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

जिलेभर की पालिकाओं में बकाया एरियर की मांग को लेकर चल रही काम छोड़ हड़ताल को शुक्रवार प्रातः डीएमसी रणबीर सिंह तथा सायंकाल को ईओ सुशील कुमार भुक्कल ने खत्म कराने के प्रयास किए, लेकिन अधिकारी विफल ही रहे। हड़ताल कर्मचारियों ने साफ कह दिया कि पिछले छह सालों से अधिकारियों से उन्हें बार–बार आश्वासन ही मिले हैं, लेकिन यह सब झूठे सिद्ध हुए और आज भी कर्मचारी बिना एरियर के खाली हाथ हैं। ऐसे में अबकी बार हड़ताल तभी खत्म होगी, जब उनके खातों में पैसा आ जाएगा। बता दें कि महेंद्रगढ़ जिले में नारनौल में जहां नगर परिषद बनी है, वहीं महेंद्रगढ़, कनीना, नांगल चौधरी एवं अटेली में पालिकाएं कार्य कर रही हैं। आजकल इन सभी पालिकाओं के कर्मचारी बकाया एरियर की मांग को लेकर हड़ताल पर चल रहे हैं। अब से पहले तक सभी अपनी–अपनी पालिकाओं में धरने–प्रदर्शन करते आ रहे थे, लेकिन शुक्रवार को सभी पालिकाओं के कर्मचारी यूनियनों के पदाधिकारी जिला मुख्यालय नारनौल पहुंचे तथा नगर परिषद परिसर में धरना शुरू किया। शुक्रवार को इन्होंने पहले से ही जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन करने एवं लघु सचिवालय जाकर उपायुक्त को ज्ञापन देने की ठान रखी थी। इसी सिलसिले में शुक्र सवेरे जिलेभर के सफाई कर्मचारी नारनौल पहुंचे और नप परिसर में धरना देकर बैठ गए। जब वह प्रदर्शन शुरू करने की तैयारी कर रहे थे, तब उनके पास जिला नगर आयुक्त (डीएमसी) रणबीर सिंह धरना स्थल पर पहुंचे। उनके साथ नगर परिषद के अन्य कई कर्मचारी एवं अधिकारी भी साथ थे। तत्पश्चात सभी कर्मचारी धरने पर बैठ गए तथा एक सभा का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न कर्मचारी नेताओं ने भाग लिया और एकजुटता तथा अपनी मांग पर अडिग रहने की बात दोहराई। इस सभा को कर्मचारी नेता मास्टर धर्मेंद्र यादव, सर्वकर्मचारी संघ के जिला प्रधान कौशल यादव, प्रदेश सचिव महेंद्र बोयत, कर्मचारी पालिका संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष महेंद्र संगेलिया, जिला प्रधान राहुल सारवान समेत अनेक कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया। सभा उपरांत नप परिसर से प्रदर्शन का आयोजन किया गया, जो महावीर चौक होते हुए लघु सचिवालय पहुंचा। इस दौरान कर्मचारियों ने झाड़ू लेकर सरकार विरोधी नारे लगाए तथा बकाया एरियर देने की मांग की।

### दस दिन का समय और दें कर्मचारी: डीएमसी

धरना स्थल पर पहुंचकर डीएमसी ने यूनियन पदाधिकारियों से बात की और आश्वासन दिया कि कर्मचारी उन्हें केवल दस दिन का समय दे दें और हड़ताल खत्म कर दें। डीएमसी के सुर में सुर मिलाते हुए नप के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने फेवर में लेकर हड़ताल खत्म कराने का प्रयास किया। बात करीब–करीब बनने को थी और कर्मचारी नेता उनकी बातों पर भरोसा करने को तैयार होने लगे थे, लेकिन तभी धरने पर मौजूद अन्य कर्मचारियों खास महिला सफाई कर्मियों ने इसे भांप लिया और कहा कि डीएमसी साहब पहले कुछ कर्मचारियों के खातों में बकाया एरियर का पैसा डलवाना शुरू कर दें तो हड़ताल खत्म हो जाएगी, लेकिन इससे पहले हड़ताल खत्म नहीं होगी। धरनारत अन्य कर्मचारी भी बोले कि वह भी बार–बार की हड़ताल एवं धरना–प्रदर्शनों से परेशान हो चुके हैं। शहरवासी भी उन्हें कर्मचारियों की हड़ताल को आए दिन का नाटक बताकर उन्हें बदनाम करने लगे हैं। ऐसे में अबकी बार वह पैसा लेकर ही उठेंगे। इससे पर धरना एवं हड़ताल खत्म नहीं होगी और ही काम पर लौटेंगे। चाहे कुछ भी हो जाए। इस पर अधिकारी बैरंग लौट गए। कर्मचारियों ने जब यह अडिगता दिखाई, तब मौजूद कर्मचारी नेता भी उनकी हां में हां मिलाने लगे और अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखने की घोषणा की।

### यह है मामला

नप सफाई कर्मचारियों का मार्च 2017 से वर्ष 2023 तक एरियर बकाया है। इनमें 172 कर्मचारी नारनौल, 22 कनीना, 25 नांगल चौधरी, 25 अटेली तथा 47 महेंद्रगढ़ में कार्यरत हैं, जो पालिका रोल पर हैं। इन सभी को छह साल का बकाया एरियर नहीं मिल रहा। एक कर्मचारी का एरियर लगभग 1.80 लाख रुपये बनता है। कर्मचारी मानते हैं कि एरियर के बगैर उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर बनी हुई है।

### शाम को भी हुई मीटिंग

उक्त प्रदर्शन एवं ज्ञापन संपन्न होने उपरांत जब आंदोलनकारी कर्मचारी वापस नगर परिषद धरना स्थल पहुंच गए, तब नगर परिषद के ईओ सुशील कुमार भुक्कल ने हड़ताल खत्म कराने का प्रयास किया। ईओ ने उन्हें बकाया एरियर दिलाने की भरसक कोशिश की, लेकिन अंततः कर्मचारी अपनी मांग पर अडिग रहे और साफ कहा कि पहले एरियर, फिर काम।

### यह रहे मौजूद

धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता राहुल सारवान ने की, जबकि इसमें पार्षद संजय अमन, कैशियर महेंद्र सिंह संगेलिया, सचिव महेंद्र बोयत, जिला प्रधान कौशल यादव, महावीर प्रसाद, भूपेंद्र सिंह, भीम सिंह, निरंजन लाल, मनोज, रोशन, रमेश कुमार, जसवंत, राजेश, देवानंद, आशु, सुरेश कुमार, पंकज, पूर्ण चंद, रमेश चंद, प्रवक्ता महावीर वाल्मीकि, अनिल कुमार, अशोक कुमार, पंकज कुमार, सुनील कुमार, रोहित कुमार, मनोज कुमार, मनोज देवी, गीता देवी, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, ममता देवी, कांता देवी, बबली, मंजू, सुनीता एवं समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।



नारनौल। कार्यालय में आए लोग। फोटो: हरिभूमि

## दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हुडा सेक्टर-एक स्थित सीएल पब्लिक स्कूल में सीबीएसई गणित विषय विशिष्ट दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ अमित गुप्ता व प्राधानाचार्य रविन्द्र सिंह की उपस्थिति में सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलित करके किया गया।

■ क्षमता निर्माण कार्यक्रम से छात्रों की क्षमता में होगा सुधार, मिलेगा बेहतर शैक्षणिक वातावरण

कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति दीपक कुमार व विकास यादव ने लेसन प्लान निर्माण, शैक्षणिक गतिविधियों की प्रभावी रूपरेखा, ब्लूम्स टेक्नोलॉजी के उपयोग तथा मल्टीपल इंटेलिजेंस के माध्यम से शिक्षण को अधिक रोचक एवं परिणामोन्मुखी बनाने के तरीको पर विस्तार से चर्चा की। दीपक कुमार 19 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ एक प्रसिद्ध शिक्षाविद है तथा विकास यादव के पास मजबूत एकेडमिक और एडमिनिस्ट्रेटिव विशेषज्ञता है। उन्होंने बताया कि क्षमता निर्माण कार्यक्रम से शिक्षण क्षमता में सुधार होगा और छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा। इस कार्यशाला में लगभग 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



कनीना। शिविर में उपस्थित पशुपालन विभाग के चिकित्सक एवं नपा चेयरपर्सन।

## कनीना में 'जीरो रेबिज' अभियान का हुआ शुभारंभ

■ वार्ड वाइज गठित की गई टीमें पालतु व बेसहारा कुत्ते बिल्लियों का करेगी टीकाकरण

कनीना। क्षेत्र के जानवर पालकों के लिए अच्छी खबर है। आरपीएस कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस की ओर से नगर पालिका कनीना एवं पशुपालन विभाग के सहयोग से जीरो रेबीज अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसका लाभ जानवर पालक आसानी से उठा सकते हैं। इस बारे में नगरपालिका चेयरपर्सन डॉ रिम्पी लोढा ने बताया कि शुक्रवार को राजकीय पशु चिकित्सालय कनीना में विशेष शिविर का आयोजन कर अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें टीम की ओर से पालतू कुत्तों का टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि सभी वार्ड पार्षदों व आमजन के सहयोग से अभियान को सफल बनाया जाएगा। नगर में घूमने वाले आवारा व बेसहारा कुत्तों का भी टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने कुत्ता-बिल्ली पालकों से टीकाकरण करने में सहयोग की अपील की है। उनकी ओर से शुरू किए गए अभियान के अंतर्गत जानवरों को निशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जानवरों के टीकाकरण के लिए वार्ड वाइज टीम का गठन किया गया है जो शीघ्र ही इस कार्य को पूरा करेगी। इस मौके पर पशुपालन विभाग के चिकित्सक पवन कांगड़ा सहित आरपीएस कॉलेज के विशेषज्ञ उपस्थित थे।

## 13 को नांगल चौधरी में होगी महिला खेलकूद प्रतियोगिता

■ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को मिलेंगे 2100 रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आगामी 13 जनवरी को सुबह 10 बजे सनराइज वरिष्ठ माध्यमिक नांगल चौधरी में खंड स्तरीय महिला खेल-कुद प्रतियोगिता आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुमन यादव ने बताया कि इसमें 18 से 30 वर्ष की महिलाओं के लिए 300 मीटर व 400 मीटर दौड़, पांच किलामीटर साईकिल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साईकिल दौड़ में भाग लेने के लिए प्रतिभागी साइकिल अपने साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं के लिए दौड़, म्यूजिकल चेयर, डिस्कस थ्रो व 100 मीटर की दौड़ की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 2100 रुपये, द्वितीय को 1100 रुपये व तृतीय को 750 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी आधार कार्ड साथ लेकर आएं।

## किसानों के किए ऑनलाइन पंजीकरण

■ सात सदस्यीय टीम ने ऑनलाइन किसान पंजीकरण के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



मंडी अटेली। गुजरवास में एग्रीस्टैक के तहत ऑनलाइन पंजीकरण करते हुए।

एग्रीस्टैक अभियान के अंतर्गत गांव गुजरवास में शुक्रवार को सरपंच वर्षा रानी के नेतृत्व में एक सात सदस्यीय टीम ने किसानों के घर-घर जाकर ऑनलाइन किसान पंजीकरण के लिए प्रेरित किया। इस अभियान का उद्देश्य किसानों तक सरकारी योजनाओं का लाभ तेज, पारदर्शी और सरल तरीके से पहुंचाना है।

इस मौके पर सरपंच वर्षा रानी ने कहा कि हमारा उद्देश्य किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि यह अभियान किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हमें उम्मीद है कि वे इसका लाभ उठाएंगे। किसान ऑनलाइन पंजीकरण अधिकारी भूपेंद्र पटवारी ने बताया कि पंजीकरण के लिए किसानों को अपना आधार नंबर और मोबाइल नंबर देना होगा, जिस पर तीन बार ओटीपी आएगा। उन्होंने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में गांव में रह रहे किसानों के अतिरिक्त बहुत सारी आईडी उनकी बुआ-बहनों के नाम से भी हैं, जो शादी के बाद ससुराल में हैं तथा उनसे संपर्क साधा जा रहा है। पटवारी ने बताया कि हमने सोशल मीडिया और ग्राम पंचायत के माध्यम से किसानों को पंजीकरण के लिए प्रेरित किया है, लेकिन अभी भी बहुत से किसानों ने अपना पंजीकरण नहीं करवाया है। उन्होंने किसानों से जल्द से जल्द पंजीकरण करवाने की अपील की है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर ग्राम सचिव अनिता यादव, बीर सिंह नंबरदार, लक्ष्मीचंद नंबरदार, पूर्व सरपंच ताराचंद, रत्न सिंह, संजय कुमार पंच, कृष्ण जांगड़ा, राजबीर सिंह, सुमेर सिंह चौहान एवं रामपाल सिंह थानेदार सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### राधा कृष्ण व बाबा हांडु मेले में होगी खेलकूद प्रतियोगिता

महेंद्रगढ़। गांव मालड़ा में राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के सौजन्य से राधा कृष्ण व बाबा हान्डु का प्रथम मेला 15 जनवरी को सरकारी अस्पताल के पास धूमधाम से भरेगा। मेले में 108 कुण्डीय हवन, नेशनल कबड्डी, वालीबॉल, लड़कों व बूढ़ों की दौड़, कुश्ती दंगल, रागनी कंपीटिशन के साथ–साथ भंडारा भी लगेगा। मेले के मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव, अध्यक्षता सुंडाराम ट्रस्ट के चेयरमैन संदीप यादव करेंगे। मेले में खेलों का उद्घाटन पूर्व विधायक राव दान सिंह करेंगे। वहीं पारितोषिक वितरण पूर्व जिला प्रमुख सुरेंद्र कौशिक द्वारा किया जाएगा। खेलों की जानकारी देते हुए आयोजन समिति सदस्यों ने बताया कि नेशनल ओपन कबड्डी और वालीबॉल की विजेता टीमों को 21-21 हजार रुपये व उप विजेता टीमों को 15-15 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। 60 वर्ष से अधिक उम्र के बूढ़ों की दौड़ जो कि 100 मीटर तथा लड़कों 400 और 800 मीटर की होगी, जिसमें प्रथम को 11 सौ और द्वितीय को 750 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। लड़कों की 1600 मीटर की दौड़ भी होगी। प्रथम ईनाम 15 सौ और द्वितीय ईनाम 11 सौ दिया जाएगा। 100 रुपये से लेकर 21 हजार रुपये का कुश्ती दंगल शाम तीन बजे बाद होगा।

## डीएसपी ने बिना हेलमेट चालकों को गुलाब का फूल देकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। चालक को गुलाब का फूल देते हुए।

पुलिस विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस ने आत्मीयता का रास्ता अपनाया है। इसी कड़ी में सड़क सुरक्षा माह अभियान के नोडल अधिकारी एवं डीएसपी सुरेश कुमार ने शहर के मुख्य महाबीर चौक पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों का चालान काटने के बजाय उन्हें गुलाब का फूल भेंट किया और भविष्य में अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया।

डीएसपी सुरेश कुमार ने वाहन चालकों को गुलाब देते हुए समझाया कि हेलमेट पुलिस के चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए पहनना अनिवार्य है। पुलिस के इस अनूठे और मित्रवत व्यवहार को देखकर वाहन चालकों ने मौके पर ही अपनी गलती स्वीकार की और यह भरोसा दिलाया कि वे आगे से यातायात नियमों की पूर्ण पालना करेंगे। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को यह संदेश देना था कि पुलिस सिर्फ दंड देने के लिए नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सड़क पर मुस्तैद है। इस जागरूकता अभियान के दौरान यातायात प्रबंधक नरेश कुमार भी मौजूद रहे, जिन्होंने पुलिस बल के साथ मिलकर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी और उनसे जिम्मेदार नागरिक बनने की अपील की।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनौदा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य सतीश कुमार ने की। उन्होंने विद्यार्थियों के अनुशासन तथा कैंप के दौरान किए गए कार्यों की प्रशंसा की। विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी और राजनीति विज्ञान प्रवक्ता राजेश कुमार ने कैंप के सात दिवसीय शिविर का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा स्वयंसेवकों के कार्य की सराहना की। स्वंसेवकों में सुमित तथा महक को उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक चुना गया। विद्यालय स्वयंसेविका संजू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन तथा उनकी शिक्षाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। गांव के ही शिक्षक प्रहलाद सिंह ने कार्यक्रम का सफल मंच संचालन किया। इस दौरान गांव के समाजसेवी संतलाल आर्य ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण के कार्यों में भाग ले तथा एक सुंदर समाज का निर्माण करें। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगिहार में अंग्रेजी के प्रवक्ता मदन मोहन कौशिक ने विद्यार्थियों को जीवन में समय पालन तथा परिश्रम के महत्व के साथ-साथ परीक्षा में सफलता के मंत्र भी बताएं। विद्यालय पूर्व संस्कृत प्रवक्ता राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को संस्कृत के श्लोक के माध्यम से भारतीय सभ्यता और संस्कृति का परिचय कराया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रवक्ता मिथिलेश कुमार, देवेंद्र सिंह, सुनीता देवी, पूनम कुमारी, पूर्व प्रवक्ता सुभाष चंद, श्यामलाल, जगदीश, स्कूल कमेटी प्रधान करतार सिंह तथा बालकिशन सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ तथा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



### यातायात पुलिस ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

नारनौल। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात पुलिस की ओर से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत रेवाड़ी रोड पर तैनात पुलिस टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली, डंपर, पिकअप और अन्य ऐसे वाहनों को रुकवाया जिन पर रिफ्लेक्टर सही स्थिति में नहीं थे और उन पर चमकदार रिफ्लेक्टर टेप चिपकाए। सर्दी के मौसम में अक्सर कोहरे और धुंध के कारण दृश्यता काफी कम हो जाती है, जिससे रात के समय बिना रिफ्लेक्टर वाले वाहन सड़क हादसों का बड़ा कारण बनते हैं। इसी खतरे को कम करने के लिए यातायात पुलिस ने रिफ्लेक्टर टेप चिपकाए ताकि दूर से ही अन्य वाहन चालकों को आगे चल रहे वाहनों की उपस्थिति का पता चल सके। रिफ्लेक्टर लगाने के साथ-साथ पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया और उन्हें यातायात नियमों की महत्ता समझाई। निरीक्षक नरेश ने चालकों को प्रेरित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करना न केवल कानूनन जरूरी है, बल्कि यह उनके और उनके परिवार की सुरक्षा के लिए भी अनिवार्य है। चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, गलत दिशा में ड्राइविंग न करने और शराब पीकर वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी गई।

**जागरूकता** | राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शिविर का समापन

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़




महेंद्रगढ़। जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथे दिन अत्यंत उत्साहवर्धक एवं ऊर्जावान वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य सुनील गोरा के प्रेरणादायक प्रबोधन के साथ हुआ। गणित अध्यापक सुनील कुमार ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के महत्व पर विस्तार से व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम अधिकारी संगीता ने विद्यार्थियों को भ्रूण हत्या एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर जागरूक किया, जबकि कार्यक्रम अधिकारी मनोज जांगड़ा ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर सारगर्भित जानकारी दी। दोनों कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को ग्रामीण भ्रमण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। दिन के कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषयों पर एक जागरूकता रैली निकाली गई, जो विद्यालय से प्रारंभ होकर पायगा गांव में संपन्न हुई। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने सामाजिक बुराइयों पर आधारित एक रंगीन एवं प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को जागरूक किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मनोज जांगड़ा ने नशा मुक्ति विषय पर अपने विचार साझा किए, वहीं कार्यक्रम अधिकारी संगीता ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी दी। प्रवक्ता अनिल बोहरा ने भी पर्यावरण संरक्षण विषय पर ग्रामीणों को प्रेरित किया।

### रैली को दिखाई हरी झंडी

रैली को प्राचार्य सुनील गोरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ग्रामीण भ्रमण के दौरान स्वयंसेवक पायगा गांव के मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए, जहां उन्होंने ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। स्वयंसेवकों द्वारा मंदिर परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा बुजुर्गों के साथ बैठकर सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्राचार्य सुनील गोरा, कार्यक्रम अधिकारी संगीता, कार्यक्रम अधिकारी मनोज जांगड़ा, गणित अध्यापक सुनील कुमार, प्रवक्ता अनिल, प्रवीण गॉड, लिपिक राहुल सहित सहायक सदस्य मानसिंह, मंगल, टीना, रामकला एवं शिवकुमार का सराहनीय सहयोग रहा।

### श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ

कनीना। कनीना मंडी स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में शुक्रवार से द्वितीय सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ किया गया। सुबह सवा नौ बजे आयोजित कलश एवं शोभायात्रा में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। डीजे की धुन पर धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई, जिसका समापन कथा स्थल पर किया गया। अशोक गुप्ता सपत्नी यजमान की भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि मकर सक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित इस कथा का 15 जनवरी को सुबह सवा नौ बजे हवन एवं प्रसाद वितरण के बाद समापन होगा। जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालु हिस्सा लेगे।

**सूचना**

मैं, राज बाई पत्नी विधवा धर्मपाल निवासी गांव बचीनी, तहसील व जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री पायल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### हरियाणा ग्रामीण बैंक को टॉप डिस्बर्सिंग बैंक-आरआरबी का सम्मान

**महेंद्रगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हरियाणा ग्रामीण बैंक को कृषि अवसंरचना निधि के अंतर्गत टॉप डिस्बर्सिंग बैंक-आरआरबी के रूप में सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि बैंक द्वारा कृषि अवसंरचना परियोजनाओं को समयबद्ध ऋण उपलब्ध कराने एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। हरियाणा ग्रामीण बैंक किसानों, एफपीओ एवं कृषि उद्यमियों को सशक्त बनाने में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है।



### ग्राम पंचायत सागरपुर में चलाया स्वच्छता अभियान

**मंडी अटेली।** गांव सागरपुर की ग्राम पंचायत ने गांव से अटेली की और जाने वाली सड़क के साथ में सरपंच सुबेसिंह के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान कस्सी एवं झाड़ू चलाकर साफ-सफाई की गई और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर सरपंच सुबे सिंह ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत फिलहाल शहीद सुरेंद्र सिंह प्रतिमा के चारों तरफ बाउंड्री वॉल तैयार कर रही है।

### स्लम एरिया टैलेंट के बच्चों को बांटे 15 जोड़ी जूते

**नारनौल।** समाज के बच्चों की सहायता के उद्देश्य से महावीर चौक स्थित यशिका ट्रेडर्स लिबर्टी शोरूम के संचालक राकेश की ओर से स्लम एरिया टैलेंट से जुड़े बच्चों को 15 जोड़ी जूते भेंट किए गए। यह सामग्री राकेश की ओर से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे उनके प्रतिनिधि एवं प्रवक्ता प्रदीप यादव द्वारा बच्चों को प्रदान की गई।

# बरसात की ऋतु में नारनौल को मिलेगा 600 क्यूसिक पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

## भाजपा सरकार की दीर्घकालीन सिंचाई योजना लगभग संपूर्ण

भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अपने प्रथम कार्यकाल के दौरान ही दक्षिणी हरियाणा में बरसात का अधिक से अधिक पानी आपूर्ति की योजना पर काम प्रारंभ कर दिया था। जिसमें सम्पूर्ण पश्चिमी यमुना नहर के जीर्णोद्धार के साथ ही उसकी क्षमता में विस्तार के साथ ही दादूपुर से हमीदा के बीच एक समानांतर नहर के निर्माण का कार्य भी सम्मिलित था। 2000 करोड़ रुपये से अधिक की बनी यह योजना अब लगभग सम्पूर्ण होने को है।

यह जानकारी देते हुए शुक्रवार पूर्व सिंचाई मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले में इस योजना के अंतर्गत विशेषकर दो बड़े प्रोजेक्ट्स सम्मिलित थे जिसमें नारनौल ब्रांच और इससे आपूर्ति प्राप्त करने वाली नहरों का जीर्णोद्धार एवं उनकी क्षमता में बढ़ोतरी तथा महेंद्रगढ़ विधानसभा में महेंद्रगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी का जीर्णोद्धार और क्षमता में विस्तार। यह दोनों ही कार्य लगभग पूरा होने को हैं। नारनौल ब्रांच पर महेंद्रगढ़ रोड से नारनौल तक जितने पंप हाउस हैं, उन सभी की क्षमता में वृद्धि करते हुए अतिरिक्त पंप सेट लगाए गए हैं जिन पर 50 करोड़ रुपय का बजट लगभग तीन वर्ष पहले मंजूर किया गया था। यह सभी पम्प सेट लगाने का काम लगभग पूरा हो गया है।


डा. अभय सिंह यादव

- तीन वर्ष पहले मंजूर किया गया था 50 करोड़ रुपये का बजट

## महेंद्रगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी की क्षमता को बढ़ाया

इसी तरह महेंद्रगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी की क्षमता भी बढ़ाकर इस पर भी अतिरिक्त पंप लगाए गए हैं। इसी योजना के अंतर्गत नांगल चौधरी विधानसभा में शहबाजपुर, दोचाना और हसनपुर डिस्ट्रीब्यूटरी की भी क्षमता में विस्तार किया गया है। इन तीनों छोटी नहरों को नारनौल ब्रांच से जोड़ने वाली नारनौल डिस्ट्रीब्यूटरी का काम अभी नहीं हो पाया है, जिसके लिए नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव ने हाल ही में मुख्यमंत्री के नारनौल दौरे के दौरान इस जीर्णोद्धार और क्षमता बढ़ाने के बारे में मुख्यमंत्री से घोषणा करवाई है। डॉक्टर यादव ने बताया कि इस समस्त परियोजना का उद्देश्य बरसात के पानी को अधिक से अधिक महेंद्रगढ़ जिले सहित सारे दक्षिणी हरियाणा में पहुंचाकर इसको अधिक से अधिक भूमिगत करते हुए भूजल रिचार्ज को अपनी पुरानी अवस्था में लाना है। नारनौल ब्रांच अब छह सौ क्यूसिक पानी लेने की क्षमता में आ गई है। इसी तरह डेरोली अहीर एस्केप से छोड़े जाने वाले बरसात में पानी की तरह ही महेंद्रगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी में भी अब अधिक पानी चल पाएगा। जिससे इस डिस्ट्रीब्यूटरी पर पड़ने वाले दुलोठ अहीर तक के क्षेत्र की धरती के नीचे का भूजल रिचार्ज की स्थिति मज़बूत होगी। इस तरह से बरसात के पानी के अधिक से अधिक उपयोग द्वारा इस समस्त ज़िले को भूजल की स्थिति को पुराने स्तर पर वापिस लौटाने का काम भारतीय जनता पार्टी सरकार कर रही है। यह ऐतिहासिक काम भाजपा सरकार ने ही किया है जिसने यहां के किसानों की ख़ुशहाली को लौटाया है। आज किसान दोनों फ़सलें बराबर ले रहा है।

## कई कॉलेजियम सदस्यों ने रजिस्ट्रार को दी शिकायत


# सैनी सभा की वोटर लिस्ट प्रक्रिया में धांधली का आरोप, प्रधान ने नकारा

▶▶ ▶▶ सोसायटी में अब तक अलग-अलग तीन शिकायतें पहुंची, रजिस्ट्रार ने सभा को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था सैनी सभा के त्रिवार्षिक कॉलेजियम व अन्य पदों की चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही इन चुनाव के लिए बनाई जा रही वोटर लिस्ट प्रक्रिया में ही धांधली के आरोप लगने शुरू हो गए हैं। इस मामले को लेकर सभा के वर्तमान कई कॉलेजियम एवं आजीवन सदस्यों ने जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसाइटीज विभाग को शिकायत सौंपनी शुरू कर दी है। अब तक विभाग में तीन अलग-अलग शिकायत पहुंची है। तीनों में ही वोटर लिस्ट प्रक्रिया में धांधली बरतने के आरोप लगाए गए हैं। एक शिकायत में तो सभा की वर्तमान कार्यकारिणी के सदस्य तक ने अपने साइन किए है। शिकायतकर्ताओं में मौजूदा कार्यकारिणी के सदस्य एवं कॉलेजियम सदस्य रामनिवास बाबूजी, रामजीलाल लाल सैनी, बाबूलाल सैनी बड़ाबाग, रामचन्द्र सैनी, सुरेश कुमार, सुरेंद्र सैनी मिस्त्री, बिशन दयाल सैनी, रामनिवास सैनी आदर्श नगर व पवन कुमार शामिल है। वहीं सभा प्रधान ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है।

- कॉलेजियम एवं आजीवन सदस्यों ने जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसाइटीज विभाग को शिकायत सौंपनी शुरू की


जिला रजिस्ट्रार को दी गई शिकायत।

### यह है शिकायत

शिकायत में लिखा गया है वे सभी सैनी सभा नारनौल के वर्तमान में कॉलेजियम सदस्य और आजीवन सदस्य हैं। सैनी सभा नारनौल के आजीवन सदस्य/वोटर बनाने के लिए एक जनवरी 2026 शाम पांच बजे तक आवेदन मांगे गए थे। सभा का आजीवन सदस्य या वोटर बनने के लिए सभा द्वारा निर्धारित योग्यता वाले सैनी समाज के 21 वर्ष पूरा कर चुके व्यक्ति को निर्धारित फार्म भरकर 501 रुपये के चेक या डीडी एवं आवश्यक दस्तावेज सहित सभा को आवेदन करना था। शिकायत में लिखा गया है कि इस बाबत सैनी सभा के प्रधान ने कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं अन्य कुछ आवेदकों के समक्ष यह कहा था कि जिस भी परिवार का कोई सदस्य सभा की आजीवन सदस्यता लेना चाहता है, उनके फार्म के साथ उसी परिवार के किसी एक सदस्य का एक चेक मान लिया जाएगा। यदि परिवार से बाहर का कोई व्यक्ति दूसरे के लिए आजीवन सदस्यता शुल्क 501 का चेक देगा तो वो मान्य नहीं होगा।

### 20 से 30 आवेदन फार्मों के साथ केवल एक ही चेक जमा

आवेदन की अंतिम तिथि को सैनी सभा के प्रांगण में प्रधान के निर्देश के खिलाफ काम हो रहे थे। खुद सैनी सभा की वर्तमान कार्यकारिणी के कई पदाधिकारी व सदस्य अपने अपने चेक से अन्य लोगों के फॉर्म का आवेदन शुल्क जमा करवा रहे थे। इतना ही नहीं, बीस-बीस तीस-तीस और इससे भी अधिक आवेदन फार्मो के साथ केवल एक-एक चेक ही जमा करवाया गया है और वह भी किसी अन्य व्यक्ति के खाते का चेक। उपरोक्त लोगों ने आरोप लगाया है कि प्रधान की मिलीभगत से यह सब ऐसा हुआ है और इन्होंने अपने-अपने जानकार लोगों के आवेदनों के साथ अपने चहेतों के चेक लगवा दिए हैं। ऐसा करके प्रधान ने हरियाणा फर्म एवं सोसाइटीज के कानून एवं सैनी सभा के संविधान की घोर अवहेलना की है। सैनी सभा के प्रधान के इस कार्य से ऐसा लगता है कि आगामी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता से करवाने की उनकी मंशा नहीं है।

### प्रधान बोले-आरोप पूरी तरह निराधार

सैनी सभा प्रधान बिशन सैनी ने लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि वोट लिस्ट प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ तैयार की गई है। जिस दिन अंतिम तिथि थी, उसी दिन शिकायतकर्ता को कुल आवेदन 2761 वोटों के बारे में अवगत करवा दिया गया था। युवाओं की सुविधा के लिए 10 काउंटर लगाए गए थे।

### सभा प्रधान से सात दिन के अंदर-अंदर टिप्पणी मांगी

शिकायतकर्ताओं ने यह भी बताया कि सैनी सभा के नए आजीवन सदस्य एवं वोटर बनने के लिए एक जनवरी 2026 शाम पांच बजे तक आवेदन मांगे गए थे, उनके साथ जो चेक लगाए गए थे उनमें से करीब 60 से 70 चेक बाउंस होकर वापस सभा ऑफिस में आ गए हैं। जो चेक बाउंस हो गए हैं उनके बदले में चुपचाप नए चेक लेकर दोबारा से बैंक में भेज रहे हैं। जो एक तरह से जालसाजी ही है। जब किसी आवेदक का पहला चेक अंतिम तिथि तक जो लगाया था, वह बाउंस हो गया तो दूसरा चेक लेने का कोई औचित्य नहीं है। आवेदकों ने अपने आवेदन पत्र में जिस चेक का उल्लेख नंबर और तिथि के साथ किया है, वह बाउंस हो चुका है तो फार्म में कटिंग करके नए चेक का नंबर भरना कानूनन सही है क्या है। वही अंतिम तिथि के बाद सभा प्रधान को सभा के नोटिस बोर्ड, अखबारों या सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना जारी करनी चाहिए थी कि अंतिम तिथि तक कितने नए आवेदन सदस्यता के लिए सभा को प्राप्त हुए हैं। एक सप्ताह बीत चुका है। सैनी सभा की तरफ से ना तो सभा के बोर्ड ना ही किसी मीडिया में सूचना दी गई। वहीं दूसरी तरफ रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसाइटीज विभाग ने सभा शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सभा प्रधान से सात दिन के अंदर-अंदर टिप्पणी मांग ली है।


महेंद्रगढ़। कार्य शुरू होने पर उपस्थित ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### खैरोली में कूड़ी वाले रास्ते में नहर पुलिया निर्माण कार्य शुरू

**महेंद्रगढ़।** गांव खैरोली में कूड़ी वाले रास्ते में नहर की पुलिया का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि गांव खैरोली के अधिकांश किसानों का आवागमन इस रास्ते से है। नहर बनने के बाद गांव के लोगों को यहां अपने खेतों की तरफ आने के लिए लगभग दो किलोमीटर घूमकर आना पड़ता है। गांव के लोगों ने सांसद धर्मबीर सिंह से इस पुलिया के निर्माण की मांग की थी। सांसद ने अपनी ग्रांट से इसके लिए फंड भी जारी कर दिया था। परंतु सिंचाई विभाग ने ये कहकर फाइल अटका दी कि ये रास्ता नहर के दोनों तरफ नहीं लगता। इस पर गांव के सरपंच प्रतिनिधि सतबीर गुर्जर ने नक्शा निकलवा कर सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात की। नक्शे के अनुसार नहर की चौड़ाई लगभग आधा एकड़ है और इसी वजह से ये रास्ता नहर के दोनों तरफ आमने सामने ना होकर थोड़ा आगे पीछे है। सांसद ने इस बारे सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों को इस पुलिया के निर्माण के निर्देश दिए।

- सांसद ने सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों को इस पुलिया के निर्माण के निर्देश दिए

#### खैरोली के किसानों को होगा लाभ

सांसद ने ये भी कहा कि ना सिर्फ ये रास्ता नहर के दोनों तरफ लगता है, बल्कि इस स्थान से 500 मीटर न तो दाएं और न ही बांए कोई पुलिया बनी हुई है। पहले देश और फिर प्रदेश के चुनाव की आचार संहिता की वजह से तथा फिर बरसात में लगातार चलते पानी की वजह से ये कार्य देर से प्रारंभ हुआ। संदीप मालड़ा ने बताया कि ये रास्ता दो व तीन करम चौड़ा है तथा गांव खैरोली के अधिकांश किसानों को इसके निर्माण से लाभ होगा। गांव की पंचायत एवं सभी ग्राम वासियों ने इस कार्य को सिरे चढ़ाने के लिए सांसद धर्मबीर सिंह और हरियाणा सरकार के साथ-साथ विधायक कंवर सिंह यादव का भी आभार व्यक्त किया है।

# पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने की जॉब सिक्योरिटी लागू करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजि. नम्बर 41 संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ मुख्यालय चरखी दादरी की जिला कमेटी की मीटिंग जिला प्रधान रमेश चन्द्र यादव की अध्यक्षता में हुई।

इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य कौशल रोजगार निगम के तहत लगे हुए कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी लागू करवाने बारे में विस्तार से चर्चा की गई। जिन कौशल के कर्मचारियों के नाम पोर्टल से हटा दिया है। उनका नाम वापस जोड़ने बारे में विचार विमर्श हुआ। जिन रैगुलर कर्मचारियों की 2020 से 2023 के पीरियड की एलटीसी का पोर्टल सरकार द्वारा बंद किया हुआ है, उसे तुरंत खोल कर एलटीसी का भुगतान किया जाए। अधिकारी से इन विषयों को गंभीरता से लेने की अपील की गई।

साथ ही चेतावनी भी दी कि यदि गंभीरता से नहीं लिया तो संगठन को मजबूर होकर तीनों विभागों पब्लिक हेल्थ, सिंचाई विभाग, बी एंड आर विभाग के अधीक्षण अभियंताओं को व सभी कार्यकारी अधिकारियों को नोटिस देकर उनका घेराव किया जाएगा।


नारनौल। मीटिंग करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### इन्होंने लिया भाग

इस मीटिंग में जिला की सातों ब्रांचो के व जिला के सभी साथियों ने भाग लिया, जिसमें केन्द्रीय प्रचार सचिव विजय कुमार व सुरेश कुमार यादव, जिला उपप्रधान सुरेन्द्र कुमार, जिला सचिव श्योताज यादव, जिला कोषाध्यक्ष श्रीभगवान शर्मा, जिला प्रेस सचिव रामशरण यादव, रमेश शर्मा, राजेश कलवाडी, राजाराम, कर्ण सिंह, कोसिन्दर, महेश, महेंद्र, अरविन्द, सतिश, रवीन्द्र, सुरेश कुमार, संदीप आदि ने भाग लिया।

## 22 महिलाओं की मैमोग्राफी जांच की

# रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स ने आयोजित किया मैमोग्राफी कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मिशन स्वच्छ नारनौल—स्वस्थ नारनौल के अंतर्गत रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स की ओर से रोटरी क्लब नारनौल यूनिटी के सहयोग से कर्मचारी कॉलोनी स्थित स्पर्श हॉस्पिटल में निशुल्क मैमोग्राफी (ब्रेस्ट कैंसर जांच) कैंप लगाया गया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन दिनेश भार्गव ने बताया कि इस कैंप में गुरुग्राम से आई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा कुल 22 महिलाओं की मैमोग्राफी जांच की गई, जिससे महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता एवं समय पर जांच को प्रोत्साहन मिला। कैंप का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने रिबन काटकर किया। इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में डॉ. रितेश यादव एवं स्वाति यादव भी उपस्थित रहे। रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स के सचिव रोटेरियन सत्यनारायण सैनी ने बताया कि इस आयोजन में एजी पारस चौधरी, असिस्टेंट गवर्नर सपना गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री एवं रोटेरियन शीतल भार्गव (क्लब फाउंडेशन चेयर) की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कैंप समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस मौके पर रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स के उपाध्यक्ष अनिल यादव, महेश सैनी, अमित सैनी, प्रो. गीता यादव, हनी गुप्ता सहित क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## सामाजिक न्याय जनकल्याण के प्रतीक थे सैनी

# राजा गुलाब सिंह की जयंती पर सैनी सभा ने किया याद

*शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकता के मार्ग पर आगे बढ़े युवा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सैनी सभा की ओर से बल्लभगढ़ रियासत के प्रतापी शासक एवं समाज गौरव राजा गुलाब सिंह सैनी की जयंती शुक्रवार श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा प्रधान बिशन कुमार सैनी ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि राजा गुलाब सिंह सैनी केवल एक शासक ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, साहस और जनकल्याण के प्रतीक थे। अपने शासनकाल में समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान, आपसी भाईचारे और संगठन की मजबूती के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। प्रधान बिशन कुमार सैनी ने कहा कि राजा गुलाब सिंह सैनी का जीवन हमें सत्य, त्याग और समाज सेवा की प्रेरणा देता है। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी उनके आदर्शों को अपनाते हुए शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकता के मार्ग पर आगे बढ़े। उन्होंने सैनी समाज से आह्वान किया कि समाज के महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर एक सशक्त और संगठित समाज का निर्माण किया जाए।



नारनौल। राजा गुलाब सिंह सैनी को याद करते सैनी समाज के लोग। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस दौरान महासचिव निहाल सिंह सैनी, सचिव भारत सैनी, कार्यकारिणी सदस्य कैप्टन हरीश सैनी, सूबे सिंह सैनी, डॉ. राजकुमार सैनी, मदनलाल सैनी, नरवर सैनी, ठेकेदार ओम प्रकाश सैनी, महोत्सव संस्था के अध्यक्ष संजय सैनी, मानसिंह सैनी, कॉलेजियम सदस्य बलवंत सैनी, भाजपा नेता माडूराम सैनी, डायरेक्टर प्रेम चंद सैनी आदि मौजूद थे।

## डोर टू डोर नशा मुक्त अभियान नशा मुक्ति की दिलाई शपथ



**नारनौल।** पुलिस विभाग की ओर से नशा मुक्त अभियान के तहत गठित विशेष टीम ने गांव नूनीकला का भ्रमण किया गया। पुलिस टीम ने गांव के बस स्टैंड पर एक जनसभा आयोजित की। जिसमें गांव के सरपंच, गणमान्य व्यक्ति, महिलाएं और युवा शामिल हुए। टीम ने वहां उपस्थित लोगों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को बताया कि पुलिस नशा पीड़ितों को समाज की मुख्य धारा में वापस लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। जो व्यक्ति नशा छोड़ना चाहते हैं, पुलिस उनकी हर संभव मदद करेगी। इसके साथ ही, मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 के बारे में जागरूक किया गया और भारतीय न्याय संहिता के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिए डायल 112 और ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी ग्रामवासियों को नशा न करने और अपने गांव व समाज को ड्रग फ्री बनाने की शपथ दिलाई गई।

## दो महिला डाक्टरो की टीम ने जिला नागरिक अस्पताल का किया निरीक्षण

# जिला नागरिक अस्पताल के गायिनी वार्ड के टॉयलेट से आती है सड़ांध

*एनक्वास के परिणाम में जिला नागरिक अस्पताल ने हासिल की थी सफलता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

एनक्वास के परिणाम में बेशक से जिला नागरिक अस्पताल ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्टेट क्वालीफाई कर लिया हो, लेकिन शुक्रवार को कायाकल्प के तहत अस्पताल का मौका मुआयना करने आई टीम को यहां के गायिनी वार्ड के पास बने शौचालय से आ रही बदबू ने नाक भौ सिकोड़नो को मजबूर कर दिया। कमाल की बात है कि जब दो सदस्यीय टीम अस्पताल का दौरा कर मूल्यांकन कर रही थी, तब मीडिया के प्रतिनिधि भी वहां पर मौजूद थे।

बता दें कि हाल ही में एनक्वास के परिणाम में जिला नागरिक अस्पताल ने सफलता हासिल करते हुए स्टेट क्वालीफाई करते हुए नेशनल में दस्तक दी थी। एनक्वास परिणाम स्वास्थ्य मानकों के आधार पर तय किया गया था। उसी एनक्वास की भांति ही सरकार ने कायाकल्प योजना चलाई हुई है, जिसमें भी अस्पताल की सुविधाओं को मानकों के पैमाने पर तौला जाता है। शुक्रवार को इसी निरीक्षण के उद्देश्य से दो महिला डाक्टरो की टीम गुरुग्राम से चलकर जिला नागरिक अस्पताल आई हुई थी। जब यह टीम गायिनी वार्ड की तरफ निरीक्षण पर थी, तब मीडिया को भी इनके आने की भनक लग गई। इसी दौरान देखने को मिला कि उक्त महिला चिकित्सक टीम जब गायिनी वार्ड के बाहर की तरफ बने शौचालय की ओर से निरीक्षण करते हुए गुजर रही थी, तभी उन्हें बदबू महसूस हुई।




### स्वच्छता के नाम पर खानापूर्ति

टॉयलेट की सड़ांध से उन्हें असहजता महसूस हुई और वह इस पर टिप्पणी करने से खुद को नहीं रोक पाई। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि एनक्वास के बेहतर परिणाम के बाद अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उस ऊंचाई पर खुद को रोक पाने में सफल नहीं हो पा रहे, जिसमें उन्होंने हाल ही में सफलता अर्जित की थी। स्वच्छता के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है और टॉयलेट बदहाल बने हैं। इस दौरान निरीक्षण करने आई टीम ने मीडिया से बात करने से इंकार कर दिया और कहा कि यह गोपनीय निरीक्षण है।

## बेगपुर के किसानों का अटेली पॉवर हाउस में प्रदर्शन




**मंडी अटेली।** बेगपुर कृषि फीडर में आए दिन बिजली के फॉल्ट से परेशान बेगपुर के किसानों ने शुक्रवार को पावर हाउस व बिजली उपमंडल कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया तथा बिजली समस्या को ठीक करने की मांग की। किसान सुबह ट्रैक्टर में बैठकर पावर हाउस पहुंचे। किसानों ने बिजली उपमंडल एसडीओ दीपक यादव से मुलाकात की। किसान राहुल, रामनिवास, राजपाल, धर्मपाल, दयानंद, विक्रम, अजीत संजय, सोमदत्त आदि ने बताया कि उनके गांव में अटेली पावर हाउस से बेगपुर एपी के नाम से बिजली लाइन है। इस लाइन में लंबे समय से बिजली में दिक्कत बनी रहती है। बिजली में आये दिन फाल्ट के चलते किसान अपनी फसलों में सिंचाई नहीं कर पा रहे है। बिजली की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। यह लाइन पुरानी जर्जर है। इस कारण खेती करने में काफी दिक्कत बनी हुई है। बिजली की समस्या को लेकर अनेक बार संबंधित जेई से मिल चुके हैं, लेकिन लाइन को ठीक नहीं किया गया है। यह लाइन पुरानी होने तथा समय पर मेंटेनेंस नहीं होने पर इसमें आए दिन दिक्कत होती रहती है।